पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रम सं. (1), ई-निविदा सं.- ई.सी.आर.-सी.ए.ओ.-सी/एस/ई.टी.ई.एन.-एच.जे.एस.ई.-10, कार्य का नाम : ECR के धनबाद डिविजन में गोमोह फ्लाईओवर (पथरा काली सिलिटी के लिए) के निर्माण के सिलसिले में, रेल, स्लीपर, फिटिंग आदि जैसे P.Way मैटेरियल की ढुलाई और रेलों के सोसीफिकेशन और स्टैंडर्ड के अनुसार अन्य सभी कार्य सहित परमानेंट वे (Permanent way) को जोड़ने का काम। इसमें ये लाइनें शामिल हैं: रेलों से गोमोह ROR लाइन (Ch: 4150.00, Br. No 7 से गोमोह तक), रेलों से मतारी UP लाइन (Ch: 4150.00, Br. No 7 से मतारी तक) और रेलों से मतारी DN लाइन (Ch: 4150.00, Br. No 7 से मतारी तक)। संभावित मूल्य (रू.) : 9,81,37,322.92, ईएमडी प्रतिभूति (रु.) : 19,62,800.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 09 (नौ) महीना। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 17.11.2026 (समय 15:00) [illegible] निविदा [illegible] के माध्यम से भेजी जायेगी, स्वीकार नहीं की जाएगी। फर्म के लेटर पैड पर प्रस्तुत की गई अथवा समय पर प्राप्त होने वाली निविदाओं की हस्तलिखित प्रस्तुति भी स्वीकार्य नहीं होगी। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज संपूर्ण जानकारी के साथ वेबसाइट ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

नोट : निविदा सूचना में किसी प्रकार की विसंगति पाये जाने की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण अंतिम एवं मान्य होगा। निविदाकारों से अनुरोध है कि इस ई-निविदा से संबंधित नवीनतम शुद्धिपत्र/संशोधन आदि के लिए अंतिम तिथि से कम से कम 15 दिन पूर्व वेबसाइट ireps.gov.in का अवलोकन करते रहें।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण/1, हाजीपुर

पीआर/1206/[illegible]/सी/26-27/48

राज्य सरकार के निर्देश पर जिले के पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित

औरंगाबाद (आससे)। जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में औरंगाबाद जिला के ग्राम पंचायतों में 'सहयोग शिविर' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।

शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की गई। साथ ही पूर्व से लंबित अनेक मामलों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। इस पहल से आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड एवं जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी तथा उन्हें पंचायत स्तर पर ही सरकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ।

सहयोग शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन सहायता, कृषि, छात्रवृत्ति सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई।

जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला परिवहन पदाधिकारी सुश्री सुनंदा कुमारी सहित जिले के सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शिविरों के प्रभावी एवं सुचारु संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कैमूर की पहाड़ियों में गूंजे माता के भजन, तुतला भवानी महोत्सव 2026 का भव्य आगाज

डालमियानगर रोहतास आससे। कैमूर पहाड़ी की प्राकृतिक गोद में अवस्थित मां तुतला भवानी धाम में



तुतला भवानी महोत्सव 2026 का आगाज सोमवार को भक्ति और उल्लास के साथ हुआ। जिला प्रशासन की ओर से आयोजित इस महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

महोत्सव का उद्घाटन विधान पार्षद निवेदिता सिंह, सासाराम विधायक स्नेह लता कुशवाहा, जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज, डीडीसी, महोत्सव के संरक्षक संजीव कुमार सिंह सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के साथ ही पूरा प्रांगण मां के जयकारों से गूंज उठा।

इस अवसर पर जिले भर से आए हजारों श्रद्धालु मां के भजनों में लीन हो गए। प्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से पूरे प्रांगण को भक्तिमय बना दिया। भजन की धुन पर श्रोता झूमते नजर आए। मंच का संचालन दूरदर्शन की वरीय एंकर रूपम त्रिविक्रम ने किया। उनकी ओजस्वी वाणी ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। महोत्सव में भजन गायिका सृष्टि लक्ष्मी, प्रदीप कुमार, नगीना, गुड्डू राज और महोत्सव की ब्रांड एम्बेसडर तान्या महुआर ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। तान्या महुआर के भजनों पर दर्शक देर तक झूमते रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधान पार्षद निवेदिता सिंह ने कहा कि बिहार सरकार इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 12 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया है। उन्होंने कहा कि कैमूर पहाड़ी और तुतला भवानी जैसे प्राकृतिक व धार्मिक स्थलों के विकास से न सिर्फ पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों को रोजगार के बड़े अवसर भी मिलेंगे। सरकार का लक्ष्य है कि रोहतास को इको टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जाए।

सासाराम विधायक स्नेह लता कुशवाहा ने कहा कि तुतला भवानी धाम रोहतास की आस्था का केंद्र है और इस महोत्सव से जिले की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई मिलेगी।महोत्सव स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठने और चिकित्सा की व्यवस्था की गई थी।

इस महोत्सव को लेकर तिलौथू और आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है।

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक

अर्शवेदा

ARSHVEDA Capsule AN AYURVEDIC MEDICINE FOR PILES Power of 9 Herbs

सुविचार

खुशी कोई बनी-बनाई चीज़ नहीं है, यह आपके अपने कर्मों से आती है।

• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार

Customer Care : 9628078000

www.rphealthgroup.com

लापता महिला की हत्या कर कुएं में फेंका शव, एक गिरफ्तार

डिहरी ऑन सोन (आससे)। रोहतास जिले के दरिगांव थाना क्षेत्र में लापता 28 वर्षीया नीलू पटेल का शव कुएं से बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। महिला बेलाढ़ी गांव की रहने वाली थी। उसका शव डंगरा गांव स्थित एक कुएं से बरामद किया गया। पुलिस ने हत्या के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जबकि दो अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बताया जा रहा है मृतका नीलू कुमारी की शादी उसके ननिहाल में कमलनयन पटेल से प्रेम प्रसंग से में हुई थी। जिसकी एक 12 वर्षीया पुत्री भी है। रोहतास पुलिस अधीक्षक श्री राज द्वारा जारी प्रेस बयान के अनुसार दरिगांव थाना के बेलाढी गांव निवासी 28 वर्षीया नीलू पटेल के लापता होने और अपहरण के संबंध में 27 अक्टूबर 2026 को दरिगांव थाने में मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष ने स्वयं जांच की जिम्मेदारी संभाली। जांच के क्रम में पुलिस ने भदोखरा गांव निवासी रामशक्ल पाल के पुत्र रवि पाल को गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपित ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर महिला की हत्या करने और साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को कुएं में फेंकने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने डंगरा गांव स्थित कुएं से शव बरामद किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया गया।प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे आपसी विवाद की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, हत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगा।

पूर्व मध्य रेल

समस्तीपुर मंडल में स्वचालित टिकट वेण्डिंग मशीन (ATVM) के लिये सुविधाकर्ता के चयन हेतु अधिसूचना।

संख्या : सी/407/ए.टी.वी.एम./0/111, दिनांक : 26.10.2026

समस्तीपुर मंडल के 02 (दो) स्टेशनों पर स्वचालित टिकट वेण्डिंग मशीन (ATVM) के संचालन के लिये सुविधाकर्ताओं (Facilitators) के चयन के लिये भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर [illegible] पात्र व्यक्तियों एवं स्थानीय आवेदकों से दिनांक 20.11.2026 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, जो मंडल के निम्न स्टेशनों पर लगाये गये हैं जिसका विवरण निम्नवत है। क्र.सं. : 01, कार्य का नाम : समस्तीपुर मंडल में स्वचालित टिकट वेण्डिंग मशीन (ATVM) सुविधाकर्ता के चयन हेतु आवेदन। विवरण : समस्तीपुर मंडल के NSG-2 श्रेणी के 01 स्टेशन (समस्तीपुर), NSG-3 श्रेणी के 01 स्टेशन (नरकटियागंज) कुल 02 (दो) स्टेशनों के लिए 05 स्वचालित टिकट वेण्डिंग मशीन (ATVM) के माध्यम से टिकट जारी करने हेतु सुविधाकर्ता का चयन। क्र.सं. : 02, कार्य की अवधि : 31.03.2028 तक। क्र.सं. : 03, कार्यालय का पता जहाँ से आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। • वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर। • स्टेशन अधीक्षक/वाणिज्य पर्यवेक्षक जहाँ एटीवीएम मशीन लगाये गये हैं। • www.ecr.indianrailways.gov.in के वेबसाईट पर उपलब्ध है। क्र.सं. : 04, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 20.11.2026 तक दिन के 17.00 बजे तक। क्र.सं. : 05, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि, समय व स्थान : आवेदन पत्र बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक, कोरियर, साधारण डाक अथवा स्वयं (दस्ती) जमा करने की अंतिम तिथि 20.11.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में 10:00 बजे से 17:00 बजे तक वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के कार्यालय में प्रतिनिधि उपलब्ध है। नोट : सक्षम अधिकारी, किसी भी आवेदन या सभी आवेदनों को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। रावाप्र., पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर

पीआर/1206/एसपीजे/वा./एन/26-27/56

डीएम ने किया छठ घाट का निरीक्षण

सासाराम (आससे)। छठ महापर्व को ले जिला प्रशासन की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। डीएम दीपक कुमार मिश्रा ने बेदा बस स्टैंड के समीप छठ घाट तालाब एवं बेदा नहर स्थित घाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान डीएम ने नगर आयुक्त एवं संबंधित पदाधिकारियों को बेदा नहर घाट तक पहुंचने वाले मार्ग का चौड़ीकरण कराने तथा समय पर मरम्मत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। डीएम ने कहा कि छठ महापर्व बिहार की सांस्कृतिक पहचान एवं आस्था का महत्वपूर्ण प्रतीक है। प्रशासन की प्राथमिकता है कि श्रद्धालु इस पर्व को पूर्ण श्रद्धा, स्वच्छता एवं सुरक्षा के साथ मना सकें। उन्होंने जिले के सभी छठ घाटों, पहुंच मार्गों एवं आसपास के क्षेत्रों में प्रतिदिन साफ-सफाई कराने तथा नगर निकाय एवं पंचायत स्तर पर विशेष सफाई टीम गठित करने का निर्देश दिया। घाटों के आसपास पर्याप्त डस्टबिन रखने और कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने को भी कहा गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध का सख्ती से अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों तक जाने वाले मार्गों की मरम्मत, गड्ढों की भराई एवं फिसलन वाले स्थानों पर रेत और मिट्टी डालने का निर्देश दिया गया। वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों की सहायता के लिए विशेष सहायता काउंटर बनाने तथा सभी घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के लिए स्थायी एवं अस्थायी एलईडी लाइट लगाने को कहा गया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत वज्रवाहक पुलिस वाहन, लाइफ जैकेट एवं रेस्क्यू बोट की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, घाटों पर 24 घंटे सक्रिय निगरानी बूथ एवं कंट्रोल रूम स्थापित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।

भूमि विवादों के निपटारे में तेजी, भभुआ में तीन मामलों का मौके पर समाधान

भभुआ/कैमूर (आससे)। भूमि विवादों के त्वरित और निष्पक्ष समाधान को लेकर भभुआ अनुमंडल कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न अंचलों से आए भूमि विवाद के मामलों की समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित पक्षों के अभिलेखों और साक्ष्यों की जांच के बाद आपसी सहमति एवं नियमानुसार तीन मामलों का मौके पर ही निष्पादन कराया गया।बैठक में अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों और संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भाग लिया। अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने संवेदनशील भूमि विवादों में प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक शनिवार को थाना स्तर पर आयोजित होने वाले जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई कर उनके समाधान पर विशेष जोर दिया।उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य आम लोगों को समयबद्ध, निष्पक्ष और सुलभ

PAARTH CHILD CARE

Complete Child Care & Vaccination Centre

डॉ. संजीव कुमार सुमन

नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ

MBBS, MD (PEDS), Neonatologist, PGPN(BOSTON), MIAP

Senior Consultant

Medibless Hospital & Shivam Hospital, Patna

Ex Consultant - ESIC Hospital, New Delhi

उपलब्ध सुविधाएं

आधुनिक NICU, PICU, संपूर्ण टीकाकरण, पैथोलॉजी नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन एवं पल्स ऑक्सीमीटर

संपर्क करें यदि बच्चा निम्नलिखित लक्षणों/बीमारियों से पीड़ित है

भूख कम या नहीं लगना, वजन नहीं बढ़ना, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, पेट फूलना, निमोनिया, दमा, सर्दी, खाँसी, बुखार, टी बी, दिल में छेद एवं हृदय संबंधी बीमारी, मोटापा, बौनापन, हार्मोन संबंधित बीमारी, पेशाब में जलन, कम या ज्यादा होना, बिस्तर पर पेशाब करना, दिमागी तौर पर कमजोरी, सिर का बड़ा या छोटा होना, नवजात शिशु का समय से पहले होना, कमजोर होना।

शिशु बच्चे एवं किशोर का संपूर्ण टीकाकरण एवं समस्त रोगों का समुचित ईलाज

पता - NC 105, SBI Officers Colony, Opposite Lohia Nagar Mount Carmel School, गायत्री मंदिर रोड, P. C. Colony, कंकड़बाग, पटना -20

9315625007, 9153136802

ब्रह्मदेव धाम आया 23 वर्षीय युवक लापता

डिहरी ऑन सोन (आससे)। काराकाट थाना क्षेत्र के पड़सर स्थित ब्रह्मदेव धाम में मां के साथ इलाज कराने आया 23 वर्षीय युवक अचानक लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिलने से परिजन परेशान हैं। मामले में परिजनों ने पहले ऑनलाइन आवेदन दिया और बुधवार को काराकाट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस युवक की तलाश में जुटी है। लापता युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सचचंदपुर गांव निवासी उपेंद्र सिंह के पुत्र प्राणजाल सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि प्राणजाल अपनी मां विभा सिंह के साथ इलाज कराने के लिए पड़सर स्थित ब्रह्मदेव धाम आया था। इसी दौरान 25 अक्टूबर की शाम करीब चार बजे वह अचानक कहीं चला गया। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। युवक के लापता होने की जानकारी उसी दिन ब्रह्मदेव धाम कमेटी के सदस्यों को दी गई। इसके बाद परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में युवक पूजा परिसर से बाहर निकलता दिखाई दे रहा है। हालांकि, इसके बाद वह किस दिशा में गया और कहां पहुंचा, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी।

12 सूत्री मांगों के समर्थन में माकपा लोकल कमिटि मदनपुर का प्रखंड़ मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित

औरंगाबाद (आससे)। भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) लोकल कमिटि मदनपुर के द्वारा एक दिवसीय धरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धरना के माध्यम से एक 12 सूत्री माँग पत्र रामाकांत पासवान जिला सचिव (खेत मजदूर यूनियन), कपिल कुमार सिंह (जिला सचिव, भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी), मदन सिंह जिला सदस्य, नरसिंह पासवान जिला सदस्य, सोना चंद्र पाल, लालता दास, बबन कुमार सिंह, महेन्द्र यादव प्रखंड़ विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी मदनपुर के माध्यम से सरकार को दिया। प्रमुख 12 पुत्री माँगें निम्नवत् है- -(1) भूमिहीनों को आवास हेतु 4 डिसमील जमीन दो (2) पूर्व के पर्चाधारियों को जमीन पर दखल - कब्जा सुनिश्चित करो (3) प्रधान मंत्री आवास योजना की शीघ्र जाँच कराकर लाभुकों की सूचि जारी करो (4) वीवी रामजी योजना के तहत अधिक से अधिक मजदूरों को काम दो (5) प्रखंड़ के उत्तरी उमगा, दक्षिणी उमगा, नीमाँ - आँजन, सलैया और खिरियावाँ पंचायत के महादलित गांवों में सामुदायिक भवन, स्वास्थ्य केन्द्र, प्रा. विद्यालय, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराओ (6) बढ़ती मँहगाई पर रोक लगाओ और सबको खाद्य सुरक्षा की गारंटी करो (7) किसानों को खाद - बीज एवं सिंचाई सुविधा की गारंटी करो (8) सभी गरीवों का राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड निर्गत करो (9) स्क्रकरद करो तथा मुख्य चुनाव आयुक्त को वर्खास्त करो एवं गिरफ्तार करो (10) अंचल कार्यालय मदनपुर में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाओ तथा परिमार्जन एवं दाखिल खारिज के नाम पर उगाही बंद करो (11) सभी नौजवानों को शिक्षा एवं रोजगार की गारंटी करो (12) जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सह सर्टिफिकेट अफसर के कार्यालय औरंगाबाद में लंबित केश न. 695 / 22 - 23 को अविलंब निष्पादन करो तथा छात्रवृति घोटाले के गुनाहगारों को अविलंव गिरफ्तार करो। घरना में सैंकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए।



Manah INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES

समझ | सलाह | सबल

मन की बात, हमारे साथ

मानसिक स्वास्थ्य है, तो जीवन है। आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

हमारी सेवाएं

मानसिक समस्याएं

• व्यवहार में परिवर्तन • शंका या वहम • मिर्गी आना • बिना कारण चिंता, चिड़चिड़ापन

• आत्महत्या की इच्छा • बार बार गुस्सा करना / लड़ाई करना • अकारण घबराहट, बेचैनी • डिप्रेशन / उदासी

बच्चों की मानसिक समस्याएं • पढ़ाई में दिक्कत आना • मंद बुद्धि • ध्यान नहीं लगना/ याददाश्त में कमी

नशे की समस्या शराब, अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस, ब्राउन शुगर / सूई, कोरेक्स एवं स्मैक

सर दर्द माइग्रेन

सेक्स संबंधित समस्या

डॉ. अर्चना सिंह (MBBS, MD Psychiatry, DPM-CIP Kanke, Ranchi)

अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें

7543976796 | 7759945555

@manah.health

आपका मानसिक स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता। सही समय पर सही कदम लें।

DYNAMIC SUPER SPECIALITY LIVER & GASTRO CENTRE

आपके लिवर और पाचन स्वास्थ्य का भरोसेमंद साथी

डॉ सौरभ जायसवाल DM Hepatology CMC Vellore

सही जाँच • सही ईलाज • बेहतर जीवन

हमारी सेवाएँ

* लिवर एवं पाचन रोग विशेषज्ञ परामर्श
* फाइब्रोस्कैन (लिवर स्टिफनेस एवं फैट)
* एंडोस्कोपी (ऊपरी आहार नाल जाँच)
* कोलोनोस्कोपी (बड़ी आँत की जाँच)
* लिवर बायोप्सी
* हेपेटाइटिस (B & C) की जाँच एवं इलाज
* फैटी लिवर, सिरोसिस एवं लिवर फेल्योर प्रबंधन
* पीलिया, गैस, एसिडिटी, IBS, IBD, कब्ज, दस्त आदि का उपचार

उन्नत जाँच सटीक निदान विशेषज्ञ देखभाल

फाइब्रोस्कैन

एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी

लिवर बायोप्सी

OPD परामर्श उपलब्ध

सुबह 9 बजे से रात्रि 7 बजे तक रविवार बंद

अभी कॉल करें। 6206071186

पता - पटेल पथ, मजार गली, राजा बाजार, पटना-800014

मतदाता सूची में नाम जोड़ने का सुनहरा अवसर,12 नवंबर से विशेष अभियान शुरू

काराकाट (आससे) प्रखंड क्त्रमें मतदाता सूची से वंचित पात्र नागरिकों के लिए प्रशासन ने महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है, जहां 12 नवंबर से 12 दिसंबर 2026 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत पात्र नागरिक निर्धारित प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं।

इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें और नाम दर्ज नहीं होने पर निर्धारित अवधि में आवेदन करें। इस अभियान में महिला मतदाताओं का नाम जोड़ने और महिला-पुरुष लिंगानुपात में सुधार पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ।क्योंकि जागरूकता की कमी और दस्तावेजों की जानकारी न होने से कई पात्र महिलाएं वंचित रह जाती हैं।

उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं की आयु 18 वर्ष पूरी हो चुकी है वे अपना नाम जांचें और आवेदन करें।क्योंकि महिलाओं की भागीदारी से सूची अधिक संतुलित, समावेशी और त्रुटिरहित बनेगी तथा लोकतंत्र मजबूत होगा। बीडीओ ने बताया कि वे सभी नागरिक आवेदन कर सकते हैं जिनकी आयु 18 वर्ष पूरी हो चुकी है, ।जिन पात्र महिलाओं का नाम अभी तक दर्ज नहीं है, या जिनका नाम किसी कारणवश छूट गया है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से भी महिलाओं को जागरूक करने में सहयोग की अपील की है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे।

अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

औरंगाबाद (आससे)। औरंगाबाद पुलिस ने खुदवा थानांतर्गत ग्राम चंदा से कुल-8 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब के साथ 01 अभियुक्त छोटन पासवान पिता तपेश्वर पासवान को किया गिरफ्तार। खुदवा थाना द्वारा की गई कार्रवाई।

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION

RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST

SUKULCHAK, KARDUNA, JEHANABAD 804417

Purpose Course: MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management

शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lib.Sc
Lab Instructor/		BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

एक व्यक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी

Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304697350, 9334074905

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या- आरव्एम-101-टीएसक-डब्लूबीजी-पीव्हीके

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिविल, [illegible] ठेकेदारों से ऑन लाइन खुली निविदा आमंत्रित करते हैं: 1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ: ट्रेन सेट में अलग अलग तरह के प्लांट की सप्लाई और आरएफसीसी डिपो में सीटों और रोलर ब्लाइंड्स की फिटिंग का इंतजाम 2 साल के लिये। 2. अनुमानित निविदा राशि (रुपया में): रु 1,48,93,253.54/- (रुपये एक करोड़ अड़तालीस लाख तिरानवे हजार दो सौ तिरपन एवं चौवन पैसे मात्र)। 3. अग्रधन राशि (रुपया में): रु.2,97,900/- (रुपये दो लाख सत्तानबे हजार नौ सौ मात्र) ई-टेंडरिंग के लिए अग्रधन राशि (EMD) का पेमेंट सिर्फ नेट बैंकिंग या www.ireps.gov.in पर पेमेंट गेटवे के जरिए ही स्वीकार किया जाएगा। 4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय: निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदाकारों द्वारा निर्धारित तिथि 11.11.2026 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाएगा एवं उसी दिन निर्धारित तिथि को 12.30 बजे निविदा खोली जाएगी। 5. वेबसाईट नाम एवं निविदा, शुद्धिपत्र (अगर जारी हुआ) संबंधी सूचना - निविदा सूचना मानक [illegible] प्रलेख रिल्स के वेबसाईट CRIS website : www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)/दानापुर

पीआर/1198/[illegible]/सी/26-27/48

Chola Enter a better life

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एवं फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट ऑफिस : चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी54 एवं सी55 4 थिरु वि का इण्डस्ट्रियल इस्टेट, गुइन्डी, चेन्नई 600032 तामिलनाडु

ई-नीलामी विक्रय सूचना (सिर्फ ग्लोबल ई-बोली के माध्यम से)

2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधानों के अधीन अचल सुरक्षित आस्तियों के विक्रय के लिए बिक्री सूचना।

[illegible]

क्र.	ऋण खाता संख्या / उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता / जमानतदार का नाम	मांग सूचना की तिथि एवं राशि	अचल सम्पत्ति / सुरक्षित आस्ति का विवरण	कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य (रुपये में) / जमा राशि धरोहर (रुपये में)	ई-नीलामी की तिथि और समय
1	ऋण खाता सं. LAP3MTI000124221 1. श्रीमान / श्रीमती [illegible] 2. श्रीमान / श्रीमती [illegible] कुमारी [illegible]	11.06.2025 तक ₹ 29,53,781/-	[illegible]	[illegible]	₹ 32,04,432/- / ₹ 3,20,443/-	18.11.2026 को सुबह 2.00 से शाम 04.00 तक
2	ऋण खाता सं. LAP3MTI000002435 1. श्रीमान / श्रीमती [illegible] 2. श्रीमान / श्रीमती [illegible]	16.06.2025 तक ₹ 20,07,008/-	[illegible]	[illegible]	₹ 18,42,225/- / ₹ 1,84,223/-	18.11.2026 को सुबह 2.00 से शाम 04.00 तक

निरीक्षण दिनांक और समय : 12.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे के बीच

न्यूनतम बोली वृद्धि राशि : रु. 10,000/-

बोली / केवाईसी / दस्तावेजों के लिए अनुरोध पत्र जमा करने की अंतिम तारीख : 13.11.2026 शाम 05.00 बजे तक।

[illegible] 5676148164 [illegible] chola.murugappa.com [illegible] 9835422089 [illegible] manojkumarpc@chola.murugappa.com [illegible] 7749866654 [illegible]

दिनांक : 27.09.2026

स्थान : [illegible], बिहार

प्राधिकृत अधिकारी

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड